संविदा शिक्षक गिरफ्तार, शाम को रिहा

सचिवालय कूच का कर रहे थे प्रयास, मांगें पूरी न होने पर अनशन की चेतावनी

प्रदर्शन के दौरान एक शिक्षिका को रोकने की कोशिश करतीं महिला पुलिस कर्मचारी।

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। सेवा विस्तार बढ़ाकर चार साल करने सहित पांच सूत्री मांगों के समर्थन में सचिवालय कूच का प्रयास कर रहे 120 पालीटेक्निक संविदा शिक्षकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शिक्षकों को पूरे दिन पुलिस लाइन में बैठाने के बाद देर शाम छोड़ दिया गया।

उत्तराखंड पालीटेक्निक संविदा शिक्षक सोसायटी के सदस्य कई दिनों से परेड ग्राउंड में धरने पर हैं। शिक्षकों ने सोमवार को सचिवालय कूच का प्रयास किया, लेकिन परेड ग्राउंड से निकलते ही गिरफ्तार कर लिया गया। इस बीच पुलिस और प्रदर्शनकारियों की नोकझोंक भी हुई। सोसायटी के अध्यक्ष सर्वेश चौधरी ने कहा कि गिरफ्तारी के दौरान धक्कामुक्की से उनके पेट में चोट आई है। दून अस्पताल में उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। उन्होंने कहा कि मांगें जल्द पूरी नहीं हुई तो आमरण अनशन शुरू कर दिया जाएगा। प्रदर्शनकारियों में खग्रेंद्र अवस्थी, नरेश पाठक, पूरन सिंह, अरविंद रावत, संदीप फर्स्वाण, महेश पाल, सुभाष पाल, पूरन सिंह, महेश भट्ट, मनीष भट्ट, पंकज डागर, अरविंद, विजय डंगवाल, श्वेता, पूनम रावत, निकिता जोशी, अंजली, निधि राणा, बबीता आदि शामिल थे।

सचिवालय कूच के दौरान पुलिस कार्रवाई का विरोध करते पॉलीटेक्निक संविदा शिक्षक।

डीएम ने शिकायतों की समीक्षा की

देहरादून। जिलाधिकारी चंद्रेश कुमार यादव ने कंट्रोल रूम में आई जन शिकायतों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में डीएम ने अधिकारियों को कहा कि यदि किसी विभाग की शिकायत दूसरे विभाग में पहुंच जाए तो इस संबंधित विभाग को वापस लौटाया जाए। बैठक में बताया गया कि नगर निगम की सबसे अधिक 500 शिकायतें आई हैं। इसके अलावा जल संस्थान और अन्य विभागों की भी शिकायतें आई हैं।

संग्रह अमीन एक अगस्त से बेमियादी हड़ताल पर

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। कैबिनेट बैठक में अनुमोदन के बावजूद पदोन्नति कोटे का जीओ जारी न होने से नाराज उत्तराखंड राजस्व संग्रह अमीन संघ ने एक अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है।

प्रांतीय महामंत्री वीरेंद्र सिंह सजवाण ने कहा कि हड़ताल के पहले दिन सचिवालय कूच किया जाएगा। 13 दिसंबर 2013 को हुई कैबिनेट बैठक में नायब तहसीलदार के पद पर पदोन्नति कोटे का अनुमोदन हुआ था। पूर्व में कार्यरत संग्रह कार्मिकों को नियुक्ति तिथि से सेवा लाभ दिए जाने, संग्रह अमीन संवर्ग के वेतनमान में बढ़ोतरी और वेतन विसंगति दूर करने की मांगों पर भी अमल नहीं हुआ।

प्रांतीय महामंत्री ने कहा कि लेखपालों को ग्रेड पे 2800 रुपये दिया जा रहा है। जबकि संग्रह अमीनों का ग्रेड पे दो हजार रुपये मिल रहा है। संग्रह अमीनों को लेखन सामग्री के लिए हर माह दस रुपये का भत्ता मिल रहा है। इसे बढ़ाकर 500 रुपये प्रतिमाह किया जाए।

पदोन्नति कोटे का जीओ जारी करने समेत कई मांगें

यह कार्य होंगे प्रभावित

संग्रह अमीन हड़ताल पर गए तो प्रदेश भर में राजस्व की वसूली नहीं हो पाएगी। ऊधमसिंह नगर और नैनीताल में विभिन्न प्रमाण पत्रों को बनाने का काम प्रभावित होगा। वहीं दैवी आपदा के कार्यों पर भी असर पड़ेगा।

धरना जारी

देहरादून। राजकीयकरण की मांग पर जलसंस्थान कर्मचारी संघ धरना पांचवें दिन भी जारी रहा। महामंत्री गजेंद्र कपिल ने कहा कि समय रहते मांगों का समाधान नहीं हुआ तो 11 अगस्त को होने वाली प्रदेश स्तरीय रैली के पश्चात कर्मचारी सामूहिक अवकाश और हड़ताल जैसी कार्रवाई भी कर सकते हैं। धरने में पूरन सिंह रावत, अजय पाल सिंह, हरि प्रसाद, शिव प्रसाद शर्मा, शरद कुमार, दरवान सिंह, ओम प्रकाश मेहर आदि उपस्थित थे।

कार्य बहिष्कार के दौरान प्रदर्शन करते उत्तराखंड सचिवालय समीक्षा अधिकारी संघ के सदस्य।

समीक्षा अधिकारी संघ का कार्य बहिष्कार शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

10 से 12 बजे तक काम बंद रहेगा

देहरादून। सचिवालय समीक्षा व सहायक समीक्षा अधिकारी संघ ने सोमवार से दो घंटे का कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। सोमवार को कार्य बहिष्कार के दौरान सुबह 10 से 12 बजे तक संघ के सभी सदस्य एटीएम चौक पर एकत्र हुए और सरकार पर उनकी मांगों की अनदेखी का आरोप लगाया।

सभा को राकेश जोशी, पदम कुमार वर्मा, हरभजन कौर, कंचन कुमार पांडे, जीतमणि पैन्यूली, युक्ता मित्तल, सतीश सती आदि ने संबोधित किया। जनसभा में संघ के अध्यक्ष सतीश चंद सती, महासचिव दीपक जोशी, अनिल उनियाल, अनिल थपलियाल, मनोज हल्दिया, ममता आर्य, दुर्गा प्रसाद चंदोला आदि मौजूद रहे।

कर्मचारियों से एकजुटता का आह्वान किया

देहरादून। ऊर्जा कामगार संगठन की कार्यकारिणी बैठक में 11 अगस्त से प्रस्तावित संयुक्त मोर्चा की हड़ताल को सफल बनाने पर चर्चा हुई।

ईसी रोड स्थित कार्यालय में कार्यकारणी बैठक में संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष एपी अमोली ने कहा कि 11 अगस्त को प्रथम पाली में प्रस्तावित हड़ताल के लिए कर्मचारियों को लामबंद किया जाएगा। बैठक में पिटकुल द्वारा संगठन को उपलब्ध कराई गई ड्राफ्ट नियमावली के संबंध में भी विचार रखे गये। उसमें व्याप्त बहुत सारी कमियों, वेतन विसंगतियों के बारे में संगठन को अवगत कराया गया। बैठक में केएस रौतेला, उप महामंत्री दीपक बेनीवाल, सुरेश वर्मा, सुशील शर्मा, श्री राकेश शर्मा, सतीश शर्मा, जीएस चौहान आदि मौजूद थे। उधर उत्तरांचल बिजली कर्मचारी संघ ने भी पिटकुल द्वारा भेजी गई सेवा नियमावली पर सुझाव भेजे हैं। संघ के प्रधान महामंत्री केआर कश्यप ने बताया कि उनका संगठन भी हड़ताल की तैयारी में जुटा है। अधिकरी कर्मचारियों में फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं। **ब्यूरो**

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग, परिमण्डल पौड़ी, थाना मोहल्ला पौड़ी।

फोन/फैक्स: 01368-222704 e-mail: seres-pau-uk@nic.in

पत्रांक 332/ग्रा.अ.से./ निविदा-सूचना-02/2014-15 दिनांक जुलाई 26, 2014

"ई-निविदा आमन्त्रण सूचना"

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से विभाग में सिविल निर्माण कार्यों हेतु श्रेणी "बी" एवं उच्चतर में पंजीकृत ठेकेदारों से अधीक्षण अभियन्त्रण सेवा विभाग परिमण्डल पौड़ी द्वारा निम्न कार्यों की निविदा ई-टैंडरिंग द्वारा दिनांक 26.08.2014 अपरान्ह 2.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 2.30 बजे निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष ऑनलाईन कार्यालय मुख्य अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग देहरादून के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदा के सम्बन्ध में सभी सूचनाएं http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 28.07.2014 से उपलब्ध होंगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	जनपद/ विकास खण्ड	धरोहर धनराशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य+TT	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदारों की पंजीकृत श्रेणी	निविदा की वैद्यता
1	2	3	4	5	6	7	8
1	रा.जू.हा. स्कूल झुमाखेत में मुख्य भवन(1-सैक्शन) का निर्माण।	चमोली/ गैरसैंण	159000-00	2000+13.5% TT	10 माह	"बी" एवं उच्चतर श्रेणी।	90 दिन
2	रा.जू.हा. स्कूल पिण्डवाली में मुख्य भवन(1-सैक्शन) का निर्माण।	चमोली/ गैरसैंण	166000-00	2000+13.5% TT	10 माह		
3	रा.जू.हा. स्कूल मेहरगांव में मुख्य भवन(1-सैक्शन) का निर्माण।	चमोली/ गैरसैंण	160000-00	2000+13.5% TT	10 माह		
4	रा.जू.हा. स्कूल बेराधार में मुख्य भवन(1-सैक्शन) का निर्माण।	चमोली/ देवाल	169000-00	2000+13.5% TT	10 माह		
5	रा.जू.हा. स्कूल रैन में मुख्य भवन(1-सैक्शन) का निर्माण।	चमोली/ देवाल	157000-00	2000+13.5% TT	10 माह		
6	रा.जू.हा. स्कूल बलाण में मुख्य भवन(1-सैक्शन) का निर्माण।	चमोली/ देवाल	173000-00	2000+13.5% TT	10 माह		
7	रा.जू.हा. स्कूल काखड़ा में मुख्य भवन(1-सैक्शन) का निर्माण।	चमोली/ थराली	161000-00	2000+13.5% TT	10 माह		
8	रा.जू.हा. स्कूल पैठाणी में मुख्य भवन(1-सैक्शन) का निर्माण।	चमोली/ नारायणबगड़	161000-00	2000+13.5% TT	10 माह		
9	रा.जू.हा. स्कूल नलगांव में मुख्य भवन(1-सैक्शन) का निर्माण।	चमोली/ नारायणबगड़	148000-00	2000+13.5% TT	10 माह		
10	रा.जू.हा. स्कूल झिंझोणी में मुख्य भवन(1-सैक्शन) का निर्माण।	चमोली/ नारायणबगड़	149000-00	2000+13.5% TT	10 माह		
11	रा.जू.हा. स्कूल खैनोली में मुख्य भवन(1-सैक्शन) का निर्माण।	चमोली/ नारायणबगड़	160000-00	2000+13.5% TT	10 माह		
12	रा.उ.मा.वि कुमजुग में मुख्य भवन(1-सैक्शन) का निर्माण।	चमोली/ घाट	148000-00	2000+13.5% TT	10 माह		
13	रा.उ.मा.वि सुंग में मुख्य भवन (1-सैक्शन) का निर्माण।	चमोली/ घाट	150000-00	2000+13.5% TT	10 माह		
14	रा.जू.हा. स्कूल रौंता में मुख्य भवन का निर्माण।	चमोली/ पोखरी	160000-00	2000+13.5% TT	10 माह		
15	रा.जू.हा. स्कूल जखोला में मुख्य भवन(1-सैक्शन) का निर्माण।	चमोली/ जोशीमठ	171000-00	2000+13.5% TT	10 माह		
16	रा.जू.हा. स्कूल कनौल में मुख्य भवन(1-सैक्शन) का निर्माण।	चमोली/ घाट	181000-00	2000+13.5% TT	10 माह		
17	रा.ई.का. गोदली में विविध कार्य।	चमोली/ पोखरी	131000-00	2000+13.5% TT	10 माह		
18	रा.जू.हा. स्कूल गैरुड़ में विविध कार्य।	चमोली/ थराली	114600-00	2000+13.5% TT	10 माह		
19	रा.उ.मा.वि. गरकोट में विविध कार्य।	चमोली/ नारायणबगड़	143000-00	2000+13.5% TT	10 माह	"बी" एवं उच्चतर श्रेणी।	90 दिन
20	रा.ई.का. मुन्दोली में विविध कार्य।	चमोली/ देवाल	140000-00	2000+13.5% TT	10 माह		
21	नवीन उच्चीकृत रा.उ.मा.वि. गैठाणा बांगर के मुख्य भवन का निर्माण	रुद्रप्रयाग/ जखाली	162000-00	2000+13.5% TT	10 माह		
22	रा.उ.मा.वि. चिलाऊ के मुख्य भवन (01-सैक्शन) का निर्माण।	पौड़ी/ नैनीडाण्डा	127000-00	2000+13.5% TT	10 माह		

अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग, पौड़ी परिमण्डल पौड़ी।

कंपनियों की सार्वजनिक जमाओं में

निवेश करने की सोच...

नये प्रावधानों को ज़ानें

कंपनी डिपॉजिट्स के नए प्रावधान 1 अप्रैल, 2014 से प्रभाव में हैं।

क्या आप जानते हैं? कंपनियों को डिपॉजिट की उगाही से पूर्व विज्ञापन के माध्यम से निर्धारित खुलासे करने अपेक्षित हैं।

अनिवार्य खुलासे
- जमा हेतु क्रेडिट रैटिंग
- कंपनी द्वारा भुगतान में चूकों, यदि हो, का ब्यौरा
- जमा राशियों की उगाही के कारण
- जमा सुरक्षित है अथवा नहीं।
- सम्मिलित जोखिम कारक, आदि।

कौन सी कंपनियां जमा राशियों की उगाही कर सकती हैं?
निम्नलिखित कंपनियां जमा राशियों की उगाही करने के लिए पात्र हैं:-
(अ) निवल मूल्य- 100 करोड़ रु. से कम न हो।
(ब) कारोबार - 500 करोड़ रु. से कम हो।
(स) इस जमा राशि की उगाही के लिए आम बैठक में विशेष संकल्प पारित किया हो।

याद रखें:
I) डिपॉजिट्स की अवधि 6 माह से कम अथवा 36 माह से अधिक न हों।
II) कंपनियां आरबीआई द्वारा निर्दिष्ट से अधिक ब्याज की पेशकश नहीं कर सकती हैं। कृपया आरबीआई की वेबसाइट पर सटीक दर चैक करें।

जमा धारक के अधिकार
- समय पर जमा राशि तथा ब्याज का भुगतान।
- जमा अदायगी रिडेम्पशन रिजर्व अकाउंट को बनाए रखने के लिए कंपनी।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय

किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर, कृपया संपर्क करें:
निवेशक शिकायत प्रबंधन प्रकोष्ठ,
कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय,
5वां तल, ए-स्कंध, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-1

आप अपने नजदीकी कंपनी पंजीयक से भी संपर्क कर सकते हैं।
विस्तृत ब्यौरे के लिए, कृपया वेबसाइट: www.mca.gov.in पर विजिट करें।

DAVP/07110/13/0001/1415

निवेशक शिक्षा तथा उत्पादन कोष के तत्वाधान के अंतर्गत जनहित में जारी।